गणतंत्र दिवस समारोह

26 जनवरी 2019 को 70 वें (सत्तरवें) गणतंत्र दिवस के सुअवसर पर राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड, आणंद में श्री दिलीप रथ, अध्यक्ष ने प्रातः 9.00 बजे मुख्य द्वार, एनडीडीबी, आणंद के पास ध्वजारोहण किया, जिसमें एनडीडीबी कार्मिकों तथा उनके परिवार के सदस्यों ने हर्ष व उल्लास के साथ भाग लिया। इस दौरान सुरक्षा कार्मिकों ने भव्य परेड का आयोजन किया तथा राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

इस सुअवसर पर श्री रथ, अध्यक्ष, एनडीडीबी ने सभी उपस्थित एनडीडीबी कार्मिकों को बहुत बधाई एवं शुभकामना दी तथा अपने संबोधन में कहा - आज के दिन हम राष्ट्र के उन सारे महानुभावों को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने आजादी के बाद देश को नया संविधान दिया और संविधान के ढांचे के भीतर देश को मजबूती के साथ प्रगति की ओर ले जाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। ठीक इसी तरह, हम राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के संस्थापक डॉ. कुरियन और उनके सहयोगियों को याद करते हैं जिनकी दूरदृष्टि और मार्गदर्शन से देश दूध उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सका।

आगे, उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी देश के डेरी किसानों की आजीविका सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में अपना निरंतर योगदान दे रहे हैं। आपने न केवल डेरी से जुड़ी गतिविधियों जैसे कि मधुमक्खीपालन, बायोगैस उत्पादन, सौर ऊर्जा उत्पादन इत्यादि की दिशा में काम किया है, बल्कि पशु उत्पादकता और स्वास्थ्य में सुधार के लिए विभिन्न कार्यक्रम परिचालित किए हैं। हमें पूरा विश्वास है कि इन सभी पहलों द्वारा हम दूध उत्पादन के क्षेत्र में देश को निरंतर आत्मनिर्भर बनाए रख सकेंगे और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे।

अंत में बोहो नर्सरी के बच्चों को चॉकलेट वितरित किए गए तथा जलपान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।